## खबर संक्षेप

### सुनीता झारियाः समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर

**मण्डला।** मजबूत इच्छाशक्ति हो तो अपने जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। इसी उक्ति को साकार कर रही स्व सहायता समूह की बहनों ने जिले में अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए है। इसी तरह का अनुकरणीय उदाहरण हैं बीजाडांडी गाँव की सुनीता झारिया। सुनीता दीदी मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तेज सुर्या आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़कर आज एक आत्मनिर्भर महिला बन चुकी हैं। उनका जीवन उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है जो आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। पहले सुनीता के परिवार का गुजारा मुख्य रूप से मजदूरी पर निर्भर था। जब मजदूरी नहीं मिलती थी, तो परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगा जाती थी। सुनीता और उनके पति दोनों की सिलाई का काम शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन पैसों की कमी के कारण यह एक अधूरा सपना सा लग रहा था। सुनीता कहती हैं कि तेज सूर्या आजीविका स्व-सहायता समूह में सदस्य के रूप में जुड़कर बचत करना शुरू किया। शुरुआती दौर में मुझे छोटी-छोटी जरूरतों के लिए समूह से मदद मिली। फिर एक दिन समूह की बैठक में सिलाई के प्रषिक्षण के विषय में जानकारी मिली। निःषुल्क प्रषिक्षण करने के बाद समूह से ही सुनीता को सिलाई का व्यवसाय शुरू करने के लिए 35,000 रुपये की ऋण राशि ली। इस आर्थिक मदद ने सुनीता और उनके पति को हिम्मत दी। उन्होंने इस पैसे से सिलाई मशीन और अन्य जरूरी सामान खरीदा और अपना सिलाई का काम शुरू कर दिया। शुरूआती कुछ महीनों के संघर्ष के बाद सिलाई की दुकान अच्छी चल निकली, दुकान में सिलाई का पर्याप्त काम आने लगा। सुनीता बताती है कि अब हर महीने 15,000 से 18,000 रुपये की आमदनी प्राप्त कर रही हैं। मजदूरी पर निर्भरता खत्म हो गई है और उनका परिवार अब आर्थिक रूप से सक्षम हो गया है। सुनीता की यह सफलता न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि उनके गाँव की अन्य महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन गई है, जो उन्हें भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है।

### ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस त्रैमासिक निरीक्षण आज

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा द्वारा 19 जून को प्रातः 1 बजे रानी फूलकुवर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थित ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## बालाघाट में छिंदवाड़ा व बैतूल ने बुरहानपुर को दी शिकस्त

# फिर शुरू होगा माहिष्मती कप फूटबाल टूर्नामेंट

*** आज होगा रायसेन व सिवनी और जबलपुर व मंडला का मुकाबला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में म.प्र. फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ, मण्डला के तत्वाधान में खेली जा रही दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत बुधवार को बालाघाट व छिंदवाड़ा और बैतूल व बुरहानपुर के बीच मैच खेले गए। पहले मैच में बालाघाट में छिंदवाड़ा को तीन शून्य से शिकस्त दी। बालाघाट में शानदार खेल का प्रदर्शन किया और लगातार अच्छे मूव बनाए। इसकी वजह से उसे 3/0 की जीत हासिल हुई। बालाघाट की तरफ से अथर्व ने 1 व कृष्णा ने दो गोल किए। दूसरे मैच में बैतूल ने बुरहानपुर को 5/1 से करारी शिकस्त दी।

मैच के दौरान पर मंच पर मौजूद पार्षद विनय वरदानी ने जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा व सचिव अनिल सोनी के आग्रह पर घोषणा की कि इस वर्ष से उनकी टीम द्वारा पुनः माहिष्मती कप फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व के वर्षों में माहिष्मती कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया जाता रहा है। इस प्रतियोगिता में देश की नामचीन टीमों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ी भी खेलते नजर आते थे। कोरोना काल के बाद से यह टूर्नामेंट नहीं हो सका था लेकिन इस बार पुनः इस प्रतियोगिता को शुरू करने की घोषणा की गई है जिससे फुटबॉल खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है।

दूसरा मैच बुरहानपुर व बैतूल के मध्य खेला गया। इस मैच में बुरहानपुर में बढ़िया खेल की शुरुआत की और खेल के 17वें मिनट में वेदांत ने शानदार मैदानी गोल दाग कर अपनी टीम को एक शून्य की बड़ा दिल दी। हाफ टाइम के 2 मिनट पहले तक बैतूल की टीम एक गोल से पिछड़ रही थी। खेल के 43वें मिनट में एक अच्छी एरियल बॉल को क्रॉस हैडिंग के जरिए नेट में डालकर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। खेल के 45वें मिनट में बैतूल को फ्री किक मिली और दीपांशु ने शानदार फ्री किक के जरिए गोल को नेट में डाल दिया। दीपांशु ने इतनी शानदार फ्री किक ली कि गोलकीपर तक को हिलने की मोहलत नहीं मिली और इस तरह फर्स्ट हाफ खत्म होने के पहले बैतूल ने दो के मुकाबले एक गोल की बढ़त बना ली। खेल के दूसरे हाफ में भी बैतूल में अपना दबदबा कायम रखा। बैतूल के देवेश ने खेल के 51वें व 63वें मिनट में गोल किया। बैतूल के लिए पांचवा गोल खेल के 69वें मिनट में हंसराज ने किया। इस तरह से बैतूल ने बुरहानपुर को एक के मुकाबले पांच गोलों से करारी शिकस्त दी। गुरुवार की दोपहर 2:00 बजे पहला मैच रायसेन और सिवनी के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच जबलपुर व मंडला के मध्य शाम 4:00 बजे होगा। जबलपुर और मंडला के बीच होने वाले मैच के काफी रोमांचक और संघर्ष पूर्ण होने की उम्मीद की जा रही है। आयोजन समिति ने खेल प्रेमियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें।

इस दौरान विशेष रूप से जिला अधिवक्ता संघ मंडला के अध्यक्ष अधिवक्ता रामेश्वर झारिया, जिला अधिवक्ता संघ मंडला के सचिव अधिवक्ता नीलेश झा, ग्रन्थालय प्रभारी अधिवक्ता अर्जुन भाडे, कोतवाली थाना प्रभारी शफ़ीक़ खान, पार्षद विनय वरदानी, महिष्मति ग्राउंड ग्रुप के अध्यक्ष बसंत चौधरी, ऋषि रॉय, विजय इसरानी, वरुण अग्रवाल, गणेश महान, रमन चौरसिया, महेश चढार, हॉकी मंडला के सचिव सैयद कमर अली, जिला फुटबाल संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, सचिव अनिल सोनी, अनूप वसल, चंद्रेश खरे, गुड्डु सिंधिया, मतीन खान, महेश सिंधिया, अविनाश पापलर जैन, दिनेश पटेल, रत्नेश दुबे, सुनील सराफ, सुरेंद्र मिश्रा, राजेंद्र कुमार सिंगौर 'पंचू' सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में पंकज उसराठे, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चौकसे, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उल्लेखीनय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।





# पत्रकार सुनील नामदेव का जाना एक अपूर्णीय क्षति

*** अंतिम यात्रा में हजारों लोगों ने शामिल होकर नम आंखों से दी श्रद्धांजलि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो सामने होते तो उनकी उतनी महत्ता समझ नहीं आती लेकिन उनके जाने के बाद जो कमी या खालीपन दिखाई देता है वह उनके व्यक्तित्व का परिचायक होता है कि किस तरह यह व्यक्ति हम और आपके जीवन में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रखता था ऐसा ही एक व्यक्तित्व जो भुआबिछिया के प्रतिष्ठित नागरिक, पूर्व प्रदेश मंडी विशेषज्ञ एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष बिछिया, सामाजिक-धार्मिक कार्यों में सदा अग्रणी भूमिका निभाने वाले वार्ड नं 02, मुक्तिमार्ग, भुआ बिछिया के निवासी सुनील नामदेव का रहा जो कि अब महज यादों में ही सिमटकर रह गया। महज 2-4 दिनों की अस्वस्थता के चलते लगभग 56 वर्ष की आयु में कल दिनांक 18 जून को सुबह नागपुर हॉस्पिटल में इनका निधन हो गया है। दिवंगत श्री सुनील नामदेव के इस तरह असमय निधन का समाचार सुनते ही नगर सहित जिले में शोक की लहर फैल गई जिसने भी सुना उसे पहले तो इस बात पर विश्वास ही नहीं हुआ और जब पूरी जानकारी लगी तो उपचार में लापरवाही के चलते जो कि निजी चिकित्सकों के माध्यम से की गई बताई जा रही है उसने ऐसे प्रिय व्यक्तित्व को हम सबसे असमय ही अलग कर दिया। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया श्री नामदेव नगर सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में व्यक्तिगत संबंधों के चलते अत्यंक लोकप्रिय थे।

क्या छोटा क्या बड़ा इसके साथ ही सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भी इनकी मौजूदगी हमेंशा लोगों को बल देती रही है। हंसमुख मिलनसार श्री नामदेव जिस क्षेत्र में भी रहे उत्कृष्ट कार्य के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की वे जिले के उत्कृष्ट कृषक के रूप में जाने-जाते थे सुनील नामदेव बिछिया के सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र के एक सूर्य की तरह थे, जिनका इस तरह से समय पूर्व ही अस्त हो जाना सभी क्षेत्र के लिए अत्यंत दुखद है। श्री नामदेव के परिवार में उनकी धर्म पत्नी श्रीमति कीर्ति नामदेव दो भाई सुधीर, सुदेश नामदेव एक पुत्र एक पुत्री शिवांग, शिवांगी जो अल्प आयु के हैं, दिवंगत सुनील नामदेव के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार कल सायं 04:00 बजे वार्ड नंबर 02 उनके गृह निवास से शव यात्रा निकाली गई हजारों लोगों ने भाग लिया और उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों में राजनैतिक क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, धार्मिक क्षेत्र सहित स्थानीय एवं पूरे जिले से उपस्थिति नजर आई और सभी ने गहन दुख व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने किया 16 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मई माह में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण किया। कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी, जिला पेंशन अधिकारी अविनाश नागले सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।



कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरित किए गए हैं उनमें बीईओ कार्यालय बिछिया से खुमान सिंह पट्टा, बिहारी लाल सांडया एवं ब्रजेन्द्र कुमार पटेल, बीईओ नैनपुर से श्रीमती रीता येरमा एवं विजय कुमार ठाकुर, बीईओ नारायणगंज से राजेन्द्र कुमार पटेल, बीईओ मोहगांव से निरंजन कुमार अग्रवाल, बीईओ मंडला से श्रीमती शोभा क्षत्री, अमरलाल जंघेला, निर्मल कुमार पटेल, सतीश कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला से श्रीमती अनुसुईया भारद्वाज, भूमि संरक्षण मंडला से अवध बिहारी डहेरिया, पुलिस अधीक्षक मंडला से रोशन लाल राजनेगी एवं रघुवीर सिंह मरावी तथा 35वी बटालियन मंडला से मदनसिंह मरावी शामिल हैं।

## 2 दिवस में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करें-कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग जारी होने में मात्र 2 दिवस का समय शेष है। सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें, जिससे वेटेज स्कोर बढ़े और जिले की रैंकिंग को बेहतर किया जा सके। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि लम्बित शिकायतों के संख्या के अनुपात में लक्ष्य तय करते हुए फॉलोअप करें। आगामी 2 दिवस में इन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिष्चित कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांष कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।



**कार्यवाही** | कृषि विभाग के दलों ने किया खाद-बीज विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण।

# 5 कृषि सेवा केन्द्रों को किया गया सील






*** आवश्यक दस्तावेजों के आभाव में हुई कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासन द्वारा किसानों को अच्छी क्वालिटी के बीज एवं मानक गुणवत्तायुक्त उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मंशा अनुरूप कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा कृषि सेवा दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री अश्विनी झारिया द्वारा विकासखंडवार दलों का गठन किया गया है। इन गठित दलों द्वारा मंगलवार को अलग-अलग क्षेत्रों में 14 कृषि सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण की इस कार्यवाही में मंडला विकासखंड के ग्राम पुरवा स्थित 2 कृषि सेवा केन्द्र तथा विकासखंड बिछिया के ग्राम सिझौरा के 2 सेवा केन्द्रों को सील कर दिया गया है।

कृषि विभाग द्वारा गठित दलों द्वारा मंगलवार को की गई कार्यवाही में श्री डीके बारसकर सहायक संचालक कृषि एवं कृषि विस्तार अधिकारी रामकिशोर सैयाम द्वारा भुवनेश्वरी कृषि सेवा केन्द्र एवं सोनल कृषि केन्द्र पुरवा विकासखंड मंडला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रिंसिपल सर्टिफिकेट नहीं जुड़े होने के कारण विक्रय प्रतिबंधित करते हुए दोनों प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीओ कृषि मधु अली, सहायक संचालक कृषि डीके बारसकर, एसएडीओ मुकेश कुलस्ते, आरएईओ पार्वती बट्टे एवं रामकिशोर सैयाम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बिछिया विकासखंड के ग्राम सिझौरा में कृषि सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रिंसिपल सर्टिफिकेट नहीं जुड़े होने के कारण ग्राम के साहू कृषि सेवा केन्द्र तथा राजपूत कृषि सेवा केन्द्र ग्राम सिझौरा के प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्यवाही की गई। मंगलवार को एक अन्य दल द्वारा सहायक संचालक कृषि श्री रामदास जाटो की अगुवाई में निवास के हरिओम कृषि सेवा केन्द्र, पिपरिया के भवानी कृषि सेवा केन्द्र एवं ठाकुर कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ठाकुर कृषि केन्द्र निवास का आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण प्रतिष्ठान सील किया गया। कार्यवाही के दौरान वीरू कृषि केन्द्र मोहगांव, पाठक कृषि केन्द्र घुघरी, महेन्द्र कृषि केन्द्र, विकास ट्रेडर्स बिछिया, सदगुरू ट्रेडिंग कंपनी का भी औचक निरीक्षण किया गया।

## फाडू सायलेंसर वाले वाहन चालकों के विरूद्ध की गयी चालानी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला अंतर्गत संपूर्ण थाना क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने, नियम विरूद्ध एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में होने वाली सडक दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।

यातायात पुलिस द्वारा तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई साइलेंसर लगवाकर धमा-चौकड़ी मचाने वाले वाहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में थाना यातायात पुलिस द्वारा तेज साउड वाले एवं अमानक मॉडीफाई कान फाडुसाइलेंसर लगवाकर धमा-चौकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत एक सप्ताह में कान फाडू, तेज आवाज सायलेंसर वाले 06 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनके सायलेंसर निकाले गये है एवं उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 12 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया।

पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने एवं सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा विगत एक सप्ताह में संपूर्ण जिला अंतर्गत तीन सावारी वाले दो पहिया चाहन चालक, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चालाने वाले, तेज गति से वाहन चलाने वाले, नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले 273 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 126300/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं विश्राम सिंह कुशराम पिता स्व. श्री वीर सिंह कुशराम आयु 49 वर्ष निवासी ग्राम गौंझी माल पोस्ट गौंझी थाना तहसील व जिला मण्डला म०प्र० का निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :-मेरे पुत्र का प्रवेश शाला आदर्श हिन्दी अंग्रेजी विद्यालय देवदरा मण्डला में कक्षा केजी-1 सत्र 2015 में हुआ था। प्रवेश के समय मेरे द्वारा प्रवेश आवेदन पत्र में अपने पुत्र का नाम वंश कुमार कुशराम पिता विश्राम सिंह कुशराम अंकित कराया गया था। जो शाला अभिलेख में भी अंकित गया हैं। प्रवेश के समय मेरे द्वारा मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण एवं जाति प्रमाण पत्र भी आवेदन फार्म के साथ संलग्न किया गया था। जिसमें मेरे पुत्र का नाम वंश कुमार कुशराम अंकित हैं। वर्तमान में मेरे पुत्र के आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, समग्र आईडी मै मेरे द्वारा संशोधन कराया गया हैं जिसमें मेरे पुत्र का नाम वंश कुशराम अंकित हैं। जो सही है। मेरे द्वारा भूलवंश की गई प्रवृष्टि को शाला अभिलेख से संशोधित प्रवृष्टि नाम वंश कुशराम एवं मां का नाम ग्यारसी देवी कुशराम अंकित किये जाने का अनुरोध हैं।

शपथकर्ता
विश्राम सिंह कुशराम

**खबर संक्षेप**

## पति को शराब के लिये पत्नी ने पैसा नहीं दिये तो कर दी पिटाई

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नशा निश्चित तौर से सेवन करने वाले को जहां हैवान बना देता है तो पूरे परिवार को टूटने के लिये मजबूर कर देता है। क्यों नशे का आदि व्यक्ति अपनी लत पूरी करने के लिये परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने से भी नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाइ्र समीपस्थ डोगरगांव थानें के अंतर्गत आने वाले ग्राम डगहा में देखने मिली है जहां पर जब पति द्वारा अपनी पत्नी से शराब के लिये पैसा मांगे तो पत्नी ने पैसा देने से इंकार किये जाने पर पति ने मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम डगहा निवासी एक महिला ने पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह शादी व अन्य कार्यक्रमों में खाना बनाने का कार्य करती है। बीते हुये दिवस जब वह अपने घर पर थी तो पति राजकुमार कौरव द्वारा शराब पीने के लिये पत्नी से पैसा मांगे। मगर पत्नी द्वारा पैसा देने से इंकार किये जाने पर पति द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीडित पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## रेत ढोने वाले डंपरों की मनमानी से घटित हो सकती है बड़ी घटना



**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के नदियों में बैध व अवैध रूप से जो रेत का खनन चल रहा है उसके चलते जहां शासकीय संपदा का दोहन होते हुए तो देखा ही जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र के नदियों का भविष्य भी पूर्णरूप से संकट में नजर आ रहा है? मगर इसके बाद भी क्षेत्र की जनता का चुप रहना चिंता क विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर रेत ढोले वाले वाहनों में जिस प्रकार से ओवर लोडिंग करते हुए रेत की ढ़लाई की जा रही वह आम लोगों को परेशानी का कारण बनाते हुए किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि गाडरवारा ककरा मार्ग से ढोई जा रही रेत के डम्फरों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि उनको इस प्रकार से भरा जाता है कि जब वह डम्फर अपनी गति से दौड़ते है तो रेत के उड़ने के कारण आसपास से गुरजने वाले छोटे वाहनों चालकों की आंखों में रेत भरने से उन्हें वाहन चलना मुश्किल हो जाता है, वही रेत की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि व सड़कों पर गिरने के कारण वाहन आये दिन फिसलते हुए नजर आते है? जबकि यह क्षेत्र पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत आने के बाद भी पहोला पुलिस की उदासीनता के चलते इस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहनों के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## गांवों में पानी की जगह हवा उगल रहे हैंडपंप

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा गांवों में पेयजल मुहैया कराने के लिए जितना भी प्रयास करती है। वह लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के कारण कारगर नहीं हो पाता है। इसकी मिशाल भौरझिर ,घघरोला ,पटना, पिठहरा, भूमियाढाना ,करहैया, लिंगा सहित आसपास के गांवों में देखी जा सकती है। जहां पर कहने के लिये तो नल जल योजना का शुभांरभ हो चुका है। मगर नलकूपों के गड्ढ़ो में पानी का अभाव होने से लोगों के घरों में लगे हुये नलों तक पानी ही नही पहुंच पा रहा है तो दूसरी ओर पूर्व में लगाये गये हेन्ड पंप इन दिनों रख रखाव की कमी के चलते पानी की जगह हवा उगल रहे है? जिससे ग्रामवासियों को पेयजल के लिए मोहताज होना पड़ रहा है।

# क्षेत्र के ढ़ाबों से लेकर मुख्य मार्ग के दोनों ओर खड़े रहने वाले डंपर ट्राला आमजन की जिन्दगी के लिये बन रहे दुश्मन, अधिकारियों द्वारा अनदेखा किये जाने के चलते हौसले हो रहे बुलंद









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र में स्थापित एनटीपीसी पावर प्लांट से निकलने वाली राख तथा समीपस्थ गोटीटोरिया से कोयला का परिवहन करने के लिये इस समय जहां क्षेत्र की सड़को पर भारी भरकम डम्फरों के साथ साथ ट्रालाओं की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है। जबकि क्षेत्र की सड़को की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इन सड़को की गुणवत्ता न तो इन डम्फरों का भार सहन करने की है और न ही सड़को की चौड़ाई इस प्रकार से है कि उन पर इस तरह के वाहन दौड़ाये जा सके। मगर इसके बाद भी बड़े स्तर से आर्शीवाद प्राप्त होने के कारण गाडरवारा क्षेत्र की सड़को पर प्रदेश सहित देश के कौने कौने से प्रतिदिन भारी भरकम धमाचौकड़ी मचाते हुये आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुलेआम खिड़बाल करने से नही चूक रहे है। बताया जाता है कि गाडरवारा से ककरा घाट होते हुये निकलने वाली राख ढोने वाले इन डम्फरो के चलते इस मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण जब कोई ट्राला जा रहा होता है तो पीछे से आने वाले वाहन चालक का सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है और जब ट्राला के पीछे चलने वाले बाइक हो या फिर अन्य प्रकार के छोटे वाहन चालक को जरा सी साइड मिलती है तो वह आगे निकलने का प्रयास करता है इस स्थिति में सामने से आने वाले वाहन से टकराने से नही चूक पाता है। इसी का परिणाम है कि इस मार्ग पर बीते हुये 6 माह के अंदर गाडरवारा से लेकर तेंदूखेड़ा के बीच डम्फर व ट्रालों के चलते घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोगों की मौते हो चुकी है..? यही हाल गाडरवारा से पिपरिया जाने वाला मार्ग हो या फिर सांईखेड़ा सहित करेली की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति..। क्योंकि इन मार्गो पर पढ़ने वाले ढावो के दोनों ओर वह ट्राला चालक अपने डम्फरों को खड़ा करते हुये भोजन करने लगते है और सड़के दोनों किनारों पर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी होने के दौरान जब कोई छोटा वाहन का चालक आता जाता है तो उसे सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है जिसके चलते वाहन टकराने की संभावना बनने से नही चूक पाती है। इस समय नगर के रेल्वे स्टेशन से सोया प्लांट की ओर जाने वाले वाय पास मार्ग यानि की रायल पैलेस के सामने से लेकर सोया प्लांट तिरहा तथा कामती की ओर जाने वाले ढावों के सामने तो मानों इन डम्फर व ट्राला चालको अपना अपना पूर्ण अधिकार स्थापित करते हुये डम्फरों की लम्बी लम्बी लाईने लगाई जा रही है। गाडरवारा कामती मार्ग पर काबरा पेट्रोल पंप से लेकर सोयाबीन प्लांट तिरहा के पास इस सैकड़ो की संख्या में सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लम्बी लाईने लगी हुई दिन भर आसानी से देखी जा सकती है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इन मार्गो से आये दिन क्षेत्र के जिम्मेदार प्रतिनिधियों से लेकर जिला स्तर से लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों का निकलना होता रहता है। मगर इसके बाद भी इस तरह ढावों के सामने व सड़क के दोनों किनारे डम्फरों की लगनी वाली लाईन को जिस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है उसी का परिणाम है कि जहां इन भारी भरकम डम्फर चालको के हौसले बुलंद होते चले जा रहे है और आमजन की जिन्दगी खतरें में दिखाई देने से नही चूक रही है..? आमजन का कहना है कि गाडरवारा कामती मार्ग हो या फिर शहर का वायपास मार्ग जब सड़क के दोनों ओर डम्फरों की लाईने लगी होती है तो छोटे वाहन चालक अपने वाहन आगे की ओर निकलते है इस स्थिति में सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है। जब तक वह सामने से आने वाले वाहन को देखने में सफल होते है तब तक दुर्घटना घटित हो चुकी होती है..? इस तरह क्षेत्र की सड़को के किनारे स्थापित हो चुके डम्फर चालकों के साम्राज्य के चलते क्षेत्रवासी अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाते हुये यात्रा करने के लिये मजबूर होते हुये देखे जा रहे है। विकट स्थिति आने वाले दिनों में उस समय बनने से नही चूक पायेगी जब बारिश का दौर शुरू होगा। क्योंकि बारिश के दौरान जब यह डम्फर सड़कों के किनारे खड़े रहेगे और कोई वाहन निकल रहा होगा तो उसकी दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वही दूसरी ओर चंद दिवस उपरांत यानि की 1 जुलाई से नये शिक्षा सत्र की शुरूआत होने वाली है। इस स्थिति में इन मार्गो से जहां नगर के स्कूलों की बसों का संचालन शुरू हो जावेगा। वही दूसरी ओर आस पास के गांवों से भी भारी मात्र में छात्र छात्राये अपनी स्कूटी सहित साईकिलों से आना जाना शुरू कर देगी। यदि इन डम्फरों की मनमानी इसी प्रकार से जारी रही तो निश्चित तौर मासूम छात्र छात्राओं की जिन्दगी को सुरक्षित महसूस करना मुश्किल होने से नही चूक पायेगा..? इतना ही नही देश के कोने कोने से आ रहे इन डम्फरों के चलते नगर सहित क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में भी इजाफा होते हुये देखने मिलने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इसकी सच्चाई कुछ माह पहले उस समय देखने मिल चुकी है कि जब एक भारी भरकम ट्राला में अवैध रूप से लाई गई भारी मात्रा में अवैध शराब को अन लोडिंग होते हुये पुलिस द्वारा पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी। खैर इस बात का भेंद पुलिस आज तक खोलने में सफल नही हो पाई है कि इतनी मात्रा में यह शराब भारी भरकम ट्राला में सीमेन्ट की बोरियों के बीच भरते हुये यह शराब नगर में लाई गई थी या फिर नगर से बाहर भेंजी जा रही थी..? मगर पुलिस द्वारा पकड़ी गई लाखों रूपया कीमत के अवैध शराब जिस ट्राला में रखी हुई थी वह राजस्थान पासिंग का होने के चलते चर्चा का विषय इसलिये बनने से नही चूक पाया था। क्योंकि मादक पदार्थो के लिये राजस्तान प्रांत प्रमुख गढ़ माना जाता है। क्योंकि पूर्व के समय में पुलिस द्वारा स्मैक पावडर के साथ जो आरोपी पकड़े गये थें वह राजस्तान प्रांत के प्रमुख सौदागर के रूप में सामने आये हुये थें? इस स्थिति में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर जहां इस प्रमुख माने जाने लगा है। इस स्थिति में इस समय राजस्तान प्रांत के डम्फरों की धमाचौकड़ी अनेक संदेह पैदा करने से नही चूक रही है..? वही दूसरी शहर के आसपास संचालित होने वाले ढ़ावों सहित क्षेत्र की सड़को के दोनों ओर लम्बी लम्बी लाईनों में खड़े होने वाले डम्फर पर अंकुश लगाने की क्षेत्र की जनता द्वारा मांग उठाई जा रही है..? क्योंकि ढावा मालिकों द्वारा जहां अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये इन डम्फर चालको को पूरी व्यवस्थाये उपलब्ध कराई जा रही है। मगर उन्हें सड़क से हटकर पार्किग की व्यवस्था नही दिये जाने के कारण यह डम्फर चालक अपने डम्फर व ट्रालाओं को मुख्य सड़को के किनारे ही खड़ा करते हुये ढ़ावों पर खाना खाने के लिये चले जाते है। इस स्थिति में दिन दिन भर सड़को के किनारे लगनी वाही डम्फरों के लम्बी लाईनो के कारण गाडरवारा से करेली हो या फिर पिपरिया सांईखेड़ा सहित वायपास मार्ग से छोटे वाहन चालकों का निकलना मुश्किल होने से नही चूक रहा है।

## एनटीपीसी क्षेत्र में सड़क किनारे पेशाब कर रहे कर्मचारी की बाइक हुई पार

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** पहले देखा जाता था कि मोटर साईकिल चोरी करने वाले लोगों द्वारा उन वाइकों को अपना निशाना बनाया जाता था कि जो अलग सलग सुनसन इलाके में खड़ी होती थी या फिर रात के समय लोगों द्वारा बगैर किसी सुरक्षा के खुले मैदान में खड़ा कर दिया जाता था। मगर वाहन चोरी करने वालों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह पलक छपकते हुये बाइकों को पार करने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत उस समय देखने मिली जब एक एनटीपीसी में कार्य करने वाला व्यक्ति अपनी मोटर साईकिल को रोड



के किनारे खड़ी करते हुये पेशाब करने के लिये गया हुआ था उसी दौरान अज्ञात चोर द्वारा मोटर साईकिल को पार कर दिया गया। घटना के संबंध में ग्राम सोमाखुर्द थाना मझोली जिला जबलपुर हाल निवासी एनटीपीसी गेट क्रमांक 1 द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह एनटीपीसी पावर प्लांट डोगरगांव में वर्ष 2018 से मजदूरी का कार्य कर रहा है। बीते हुये दिवस जब वह अपनी मोटर साईकिल क्र.MP20/ZK/0851 से कोई समान लेने के लिये गाडरवारा जा रहा था। उसी दौरान एनटीपीसी के समीप गाडरवारा मार्ग पर बने हुये हैलीपेड के पास अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़ी करते हुये पेशाब करने लगा उसी दौरान अज्ञात चोरो द्वारा उसकी मोटर साईकिल को चोरी करते हुये ले गये। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। मगर इस घटना से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को जहां कटघरे में खड़ा कर दिया गया है तो दूसरी ओर चोरों के बढ़ते हुये हौसलों की सच्चाई भी उजागर होने से नही बच पाई है।

# कलेक्टर ने लगाया नदी नालों में मछली मारने पर प्रतिबंध, सवाल यह कि क्या जिला अधिकारी के इस आदेश का पालन हो पायेगा....?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था को बनाये रखने के उद्वेश्य से जिला दंड अधिकारी द्वारा आये दिन आदेश जारी तो किये जाते है। मगर उनके आदेश को पालन होते हुए कही दिखाई नही दे रहा है.., जिसके चलते जहां जिला अधिकारी के आदेश चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाते है? क्योंकि बीते हुये कुछ माह पहले जिला दंड अधिकारी द्वारा गर्मी के मौसम में जमीन के अंदर जल के स्तर में कमी आने की बात को ध्यान में रखते हुये नये नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगा गया था। मगर इस आदेश का शायद ही कही पालन होते हुये देखा गया हो..? क्योंकि नये नलकूप खनन पर प्रतिबंध अवधि के दौरान जहां तहां नलकूपों का खनन होते हुये देखने मिलने के बाद भी किसी तरह क्यों कार्यवाही न होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाया है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह मत्स्याखेट पर लगाये गये प्रतिबंध आदेश का क्या पालन हो पायेगा...? खैर इस सच्चाई का पता तो आने वाले दो माह में ही चल पायेगा। क्योंकि हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जिला कलेक्टर द्वारा जलाशय, तालाब व नदी नालों में मछली मारने पर 16 जून से 15 अगस्त तक के लिए प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया



है कि छोटे तालाब अथवा अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं लिया गया है, उन पर मत्स्याखेट निषेध का यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। बताया जाता है कि बंद ऋतु की अवधि में जिले में अवैधानिक मत्स्याखेट/ परिवहन/ क्रय- विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध मप्र मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जावेगी। शासन के निर्देशों और निर्धारित नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की दोष सिद्धि पर उसे एक वर्ष तक के कारावास या 5 हजार रूपये तक के जुर्माना से दंडित किया जा सकेगा। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य में म.प्र नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 की उप धारा (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस बंद ऋतु अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतरू प्रतिबंधित रहेगा तथा इस अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य क्रय. विक्रय करना पूर्णरूप से निषेध रहेगा। प्रदेश शासन के मछली पालन विभाग के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है तो उक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। उपरोक्त नियमों के उल्लंघन पर मध्यप्रदेश मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघन कर्ता को एक वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। इस प्रकार से जिला कलेक्टर ने उपरोक्तानुसार अधिसूचना जारी करते हुए इस अधिसूचना के माध्यम से सर्व संबंधितों एवं मछली व्यवसाय से संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचित किया है कि वे इस अवधि में किसी प्रकार का अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य क्रय. विक्रय न करें और ना ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें, अन्यथा उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध शासन के नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। बाजार हाटों में उक्त अवधि में मत्स्य विक्रय पूर्ण प्रतिबंधित रखने के निर्देश संबंधित नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये गये हैं। संबंधित अधिकारियों को इस बारे में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस प्रकार से जिला दंड अधिकारी द्वारा दिये गये आदेश का पालन क्षेत्र के नगर पालिका अधिकारियों द्वारा किया जाता है कि नही यह तो आने वाला समय ही बतायेगा?

# सचिव सहित सहायक सचिव को पंचायतों से हुई स्थानांतरित

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**




किसी भी संस्था यदि कोई कर्मचारी लम्बे समय से जमा रहता है तो निश्चित ही वहां पर कार्य प्रभावित होने के साथ साथ भाई भतिजाबाद के आलवा भ्रष्टाचार की शिकायत मिलना आम बात हो जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये शासन द्वारा समय समय पर शासकीय कर्मचारियों व अधिकारियों का तबादला किया जाता है। इसी के चलते जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायतों में पदस्थ सचिव सहित सहायक सचिवो की तबादला सूची जारी की गई है। पंचायतों से हटाये गये सचिवों में जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत सोनिया शर्मा ग्राम पंचायत चिरचिरा से धुवघट गौडी, ब्रजेश नायक हेमरा से मानेगांव, राजेन्द्र कौरव गरहा से बोहानी, जमना प्रसाद चौधरी मर्रावन से मनकापुर, धन्नू लाल पटैल डोभी से छतरपुर, राम सिंह पटैल इमालिया से बरमान कला, ब्रजेश पटैल छतरपुर से सिमरिया कला, मुकेश हरदेनिया मनकवारा से चिरचिरा, शैलेन्द्र कौरव डुगरिया से सगौटा, मनीष उपाध्याय बम्हौरी तिगनी से हेमरा स्थानांरित किये गये है। इसी प्रकार जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम पंचायत भैरोपुर से राकेश पाठक अमाडा, तखत सिंह इमालिया पिपरिया से सिल्हेटी, सोमनाथ कौरव सिल्हेटी से खला, वीरन लाल पटैल बारछी से देवरी झामर, जयराम बरकडे देवरी झामर से पलेरा, अशोक श्रीवास्तव पलेरा से बारछी, भागवेन्द्र कौरव ग्वारी से कुडारी, अर्पित कौरव अमाडा से कठौतिया, हरिलाल कुशवाहा कठौतिया से गरहा चांवरपाठा, सोहन लाल रजक आंडेगांव से बारहाबडा, अशोक कौरव कुडारी से रायपुर, राजेश कौरव खडई से मोहद करेली, राम दर्शन कौरव कनवास से इमलिया कल्याणपुर तथा जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत दहलवा बालाराम साहू देवरी मिढवानी, जितेन्द्र कौरव पिठवानी से दहलवाडा, पुष्पेन्द्र कौरव देवरी मिढवानी से पिठवानी, वीरेन्द्र गुर्जर धोखेडा से बरहटा, प्रमोद बोहरे बरहटा से खमरिया, आशाराम रजक बनवारी से खैरी पाली, राजेन्द्र कौरव खैरी पाली से धोखेडा, अनुज कौरव खमरिया से कजरौटा, आशीष तिवारी खकरिया से कनवास चीचली, संतोष साहू बगदरा से खकरिया स्थानांतरित किये गये है। इसी प्रकार से रोजगार सहायक जीआरएस को जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत मडेसुर से यशवंत यादव को लोलरी, राकेश पटैल ग्वारी से काचरकोना, अभिषेख मिश्रा लिलवानी से चिर्रिया, मनीष कुमार शर्मा सूकरी से घघरौला कला, मनीष चौकसे हेमरा से छबारा, मुकेश चौधरी छबारा से चरगुवा पहुंचाये गये है। वही जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरहकला से अखिलेश दुबे धोखेडा, भागचंद कुशवाहा धोखेडा से चिरहकला, देवेन्द्र राजपूत मेहरागांव से निवावर, अखिलेश गोस्वामी निवावर से मेहरागांव, संदीप प्रजापति देतपोन से तूमडा, परसराम अहिरवार तूमडा से देतपोन, सुनील पटैल सिरसिरी से झिकोली, शील कुमार पटैल झिकोली से सिरसिरी, मुकेश साहू खिरिया से आंमगांव छोटा तो चीचली जनपद पंचायत के अंतर्गत अनिरूध नागंवश माल्हनवाडा इकलोनी से कान्हरगांव, कृष्णकांत कौरव रातीकरार से माल्हनवाडा इकलोनी, अभिनव कौरव पिपरिया से मऊ, उमाशंकर पिपरोनिया मऊ से पिपरिया स्थानांतरित किया गया है।

# सालीचौका क्षेत्र में नहीं रूक रहा शराब का अवैध कारोबार गांव गांव शराब बिकने से शांति व्यवस्था को लग रहा ग्रहण?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**



भले ही इस समय जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लगतार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की बात कही जा रही है। वही दूसरी ओर मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के खिलाफ जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करने के सख्त आदेश जारी किये गये है जिसके चलते कुछ दिनों पहले पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के चलते शराब के अवैध कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लगा हुआ दिखाई देने लगा था। मगर इस समय देखा जा रहा है कि सालीचौका क्षेत्र में पुलिस की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत के चलते प्रदान किये जाने वाले अभयदान के चलते सालीचौका क्षेत्र में अवैध शराब सहित अन्य मादक पदार्थो का कारोबार फिर चरम पर पहुंचते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले की बागडोर संभालते हुये सख्ती बरती गई थी उस दौरान जरूर इस अवैध कारोबार में रूकावट दिखाई देने लगी थी। मगर अब क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगने की जगह लगातार इजाफा होते हुये दिखाई दे रहे है जो निश्चित ही पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार अपनी गति पकड़ते हुये दिखाई दे रहा है उसके चलते इस समय सालीचौका क्षेत्र में गांव गांव शराब बिकते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर गांजा सहित अन्य प्रकार के मादक पदार्थ अपने पैर जमाने में पीछे दिखाई नही दे रहे है? इस तरह लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार का परिणाम है कि क्षेत्र की संपूर्ण शांति व्यवस्था को जहां ग्रहण लगते हुये देखाई तो दे ही रहा है तो वही दूसरी ओर पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि क्षेत्र में आये दिन घटित होने वाली घटनाओं में शराब का प्रमुख कारण ही सामने आने से नही चूकता है। स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम मारेगांव, छैनाकछार, बुसरिया, अमाड़ा, बारछी, बैरागढ़, पौड़ार तिरहा, पनागर, आडेगांव, पचामा, खैरूआ, अर्जुन गांव सहित शुगर मिल क्षेत्रों के क्षेत्र में खुलेआम शराब की बिक्री होते हुये देखी जा रही है? यहां पर शराब बिक्री होने की पुष्टि पुलिस द्वारा पूर्व की गई कार्यवाही से ही स्पष्ट होते हुये जान पड़ रही है। क्योंकि अनेको बार पुलिस ने इन गांवों में अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की गई है वह मात्र औपचारिकता ही जान पड़ी है? मगर पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई सख्त कार्यवाही के आदेश पर अब पुलिस द्वारा ढ़ील बरतने का परिणाम है कि यहां पर शराब के अवैध कारोबार में पुनः बढ़ोत्तरी होते हुये दिखाई देने लगा है, जिसके चलते युवा पीढ़ी जहां शराब की चपेट में आते हुये दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर अन्य अपराधिक घटनाएं भी घटित होने से नही चूक पा रही है। यदि समय रहते हुये पुलिस प्रशासन द्वासरा इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही इस अवैध कारोबार में जहां इजाफा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

# सीवर लाइन परियोजना में घोर लापरवाही से नर्मदा गंज की जनता त्रस्त, घटिया पाइप और जलभराव से हालात बदतर







**डिंडोरी।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09, नर्मदा गंज में सीवर लाइन बिछाने के कार्य में लापरवाही और घटिया सामग्री के इस्तेमाल ने स्थानीय नागरिकों को नरकीय स्थिति में जीने पर मजबूर कर दिया है। क्षेत्रवासियों ने निर्माण कार्य कर रही एजेंसी जे.एम. रमाणी कंपनी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कंपनी ने लागत घटाने के लिए निम्न गुणवत्ता के और अनुपयुक्त पाइपों का इस्तेमाल किया, जिससे आए दिन सीवर जाम, गंदे पानी का रिसाव और बदबू से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासी और अधिवक्ता सम्यक जैन ने बताया कि बीते कई महीनों से गली-मोहल्लों में सीवर जाम की स्थिति बनी हुई है। "सड़कों पर गंदा पानी बहता है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है। कई बार नगर परिषद और संबंधित कंपनी को शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला," उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि कंपनी ने स्वीकृत मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य में अत्यंत ही घटिया सामग्री का प्रयोग किया है, जिससे नागरिकों की स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों खतरे में पड़ गई हैं।

### प्रशासन की सख्ती और जनता की चेतावनी

नगर परिषद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कंपनी को नोटिस जारी कर तकनीकी जांच के आदेश दिए हैं। नगर परिषद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों की शिकायतों को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।"

वहीं, कंपनी के प्रवक्ता ने अपने बचाव में कहा, "हमारे कार्य पूरी तरह से तकनीकी मानकों के अनुसार किए गए हैं। फिर भी हम जांच में पूरा सहयोग देने को तैयार हैं।"

इस बीच, स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे उपभोक्ता फोरम सहित अन्य कानूनी विकल्पों का सहारा लेकर प्रशासन और कंपनी दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।

नर्मदा गंज क्षेत्र में यह मामला अब सिर्फ सीवर की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह शहरी अव्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की बदहाली का प्रतीक बनता जा रहा है, जिसकी गूंज अब जिला प्रशासन से होते हुए राजधानी तक पहुँचने लगी है।

## खबर संक्षेप

### अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

**डिंडौरी।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिलास्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 19 जून 2025 को आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले में अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की स्थिति, पीड़ितों को दी गई सहायता, न्यायालयीन कार्रवाई की प्रगति एवं पुनर्वास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, समिति के सदस्यगण, जनप्रतिनिधिगण तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है, जिससे अधिनियम की समीक्षा एवं दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

### जिला नजूल निवारण समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी

**डिंडौरी।** नजूल अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला नजूल निवारण समिति की बैठक 19 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की होगी। जिसमें जिले के शासकीय विकास कार्यों के निर्माण हेतु भूमि आवंटन पर चर्चा की जाएगी। साथ ही बैठक में राजस्व, पंचायत, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, ग्रामोद्योग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, एवं अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे डिप्टी कलेक्टर, डिंडोरी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थित रहने की सूचना दी गई है।, जिससे प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा एवं निष्पादन सुचारु रूप से किया जा सके।

### ज्वाइनिंग से वंचित व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन, कहा – जल्द हो नियुक्ति, वरना होंगे सड़क पर




**शहपुरा।** जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत नियुक्त व्यावसायिक प्रशिक्षकों को अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया है। इससे नाराज होकर प्रशिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिला कार्यालय पहुंचा और उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रशिक्षकों ने बताया कि शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है, लेकिन जिले में VTP – सेंटरम/अपग्रेड एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ज्वाइनिंग अब तक लंबित है। इस स्थिति से न सिर्फ प्रशिक्षक बेरोजगारी और मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं, बल्कि विद्यालयों में भी पढ़ाई से जुड़ी गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि:कई विद्यालयों में छात्रों के व्यावसायिक विषयों में नामांकन घट रहा है,काउंसलिंग की प्रक्रिया ठप है,और विषय चयन में छात्रों को कठिनाई हो रही है।प्रशिक्षकों ने बताया कि जबकि जिले के कुछ अन्य स्कूलों में अन्य एजेंसियों के अंतर्गत कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है, सिर्फ सेंटरम और अपग्रेड एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े प्रशिक्षक अब भी प्रतीक्षा में हैं।प्रशिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक संपन्न



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति का समीक्षा बैठक का आयोजनकिया गया। उक्त बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श रूद्रेश परस्ते, सीईओ जिला पंचायत श अनिल कुमार राठौर, कार्यपालन यंत्री आरईएस दीपक आर्मो, परियोजना अधिकारी मनरेगा प्रदीप कुमार शुक्ला, आशीष गुप्ता सहित समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, उपयंत्री, सहायक लेखाधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत राज्य स्तर से समस्त जिलों की समीक्षा खेत तालाब, निर्माण कार्य, पुराने प्रगतिरत कार्यो की पूर्णता, कूप रिचार्ज, अमृत सरोवर निर्माण पर लक्ष्य निर्धारित कर पूर्णताः के आधार पर की जा रही है। जिले को किसानों के खेत में 2171 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य के विरूद्ध जिले में 2321 कार्यो की स्वीकृति जारी कर 2200 कार्य निर्माणधीन है। कलेक्टर ने बैठक के दौरान समस्त सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को निर्देशित किया कि खेत तालाब निर्माण समय-सीमा में निर्धारित प्रारूप में पूर्ण किये जायें, साथ ही मजदूरी एवं सामग्री का नियमानुसार नियमित मूल्यांकन करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एफटीओ जारी करें। अभियान के दौरान जिले को 1500 कुओं का जल स्तर बढाने के लिये रिचार्ज संरचनाएं बनाने का लक्ष्य के विरूद्ध जिले के कूपों में रिचार्ज संरचना निर्माण का कार्य स्वीकृत कर कार्य प्रगतिरत है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि समस्त कूपों का निर्माण समय-सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्ण रिचार्ज संरचना शत-प्रतिशत निर्मित करते हुये नियमानुसार मजदूरी एवं सामग्री का मूल्यांकन कर एफटीओ किया जाए। जिले के जनपद पंचायत में 187 सार्वजनिक तालाब का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने निर्देश दिए कि समस्त सार्वजनिक तालाबों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण शीघ्रता से किये जाए। सभी खेत तालाब, सार्वजनिक तालाब एवं अमृत सरोवर में बंड निर्माण, पिचिंग, वेस्टवेयर का गुणवत्ता युक्त निर्माण प्राथमिकता से समस्त सहायक यंत्री एवं उपयंत्री पूर्ण कराकर सूचित करें।

कलेक्टर ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्यो को प्राथमिकता के साथ बरसात के पूर्व पूर्ण किए जाएं ताकि बरसात के पानी को एकत्र किया जा सके। साथ ही साथ उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं अन्य कर्मचारी जिनके द्वारा शासकीय कार्य में लापरवाही की जाती है उनके प्रस्ताव मेरे समक्ष प्रस्तुत किए जाएं ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा सके।

### गाड़ासरई में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में बाधा बन रहे टीन शेड व अस्थायी ढांचों पर चला बुलडोज़र





**डिंडौरी न्यूज।** अमरकंटक मार्ग पर बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण पर प्रशासन ने आज सख्त रुख अपनाते हुए गाड़ासरई कस्बे के मुख्य मार्ग से अवैध टीनशेड व अन्य ढांचों को हटाने की बड़ी कार्रवाई की। राजस्व विभाग, राज्य सड़क प्राधिकरण जबलपुर और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया।

गाड़ासरई में सीसी रोड निर्माण कार्य के दौरान देखा गया कि व्यापारियों द्वारा मुख्य मार्ग के दोनों ओर टीनशेड और अन्य अस्थायी संरचनाएं खड़ी कर ली गई थीं, जिससे न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी, बल्कि जल निकासी की व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों और निरीक्षण में सामने आई स्थितियों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्यवाही के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाए गए सभी टीनशेड एवं अन्य संरचनाओं को हटाया गया। साथ ही व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे मुख्य सड़क से 30-30 फीट दूरी तक अपने सामान एवं ढांचे हटा लें, ताकि सड़क निर्माण और दोनों ओर नाली निर्माण का कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण हो सके। प्रशासन ने बताया कि यह नालियां वर्षा जल की समुचित निकासी में सहायक होंगी, जिससे भविष्य में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहेगी। अधिकारी दल ने मौके पर मौजूद रहकर कार्य की निगरानी की और आवश्यक निर्देश भी जारी किए।

### विद्यालय में विज्ञान संकाय और इंग्लिश विषय की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन!



**शहपुरा।** शहपुरा क्षेत्र के ग्राम गुतलवाह में शिक्षा को लेकर ग्रामीणों की चिंता अब आंदोलन का रूप लेने लगी है। गांव के हायर सेकेंडरी विद्यालय में विज्ञान संकाय और इंग्लिश विषय जोड़े जाने की मांग को लेकर आज ग्रामीणों और समाजसेवियों ने उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचकर प्राचार्य डी.के. श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा।ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय का नया भवन बनने के बावजूद अब तक विज्ञान संकाय की पढ़ाई शुरू नहीं हुई है, जिससे छात्र-छात्राओं को 10 किलोमीटर दूर अन्य विद्यालयों में एडमिशन लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इससे बच्चों को न सिर्फ शैक्षणिक बल्कि परिवहन, सुरक्षा और समय की भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।ज्ञापन में साफ तौर पर मांग की गई है कि गुतलवाह विद्यालय में विज्ञान संकाय और इंग्लिश विषय की कक्षाएं जल्द से जल्द शुरू की जाएं, ताकि बच्चों को अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।इस मौके पर प्राचार्य डीके श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम पंचायत इंदौरी में भ्रष्टाचार: रोजगार सहायक पर लगे गंभीर आरोप, ग्रामीणों ने हटाने की उठाई मांग



### शहपुरा जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत इंदौरी में पदस्थ रोजगार सहायक लुकेश कुमार बरमैया पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उनके तत्काल स्थानांतरण की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सहायक लुकेश कुमार, ग्राम की महिला सरपंच श्रीमती रत्नी बाई माको के पुत्र गेंदालाल माको के साथ मिलकर ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत के निर्माण कार्यों में राज्य शासन द्वारा निर्धारित भंडारण क्रय नियम 2015 का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। समस्त सामग्री चहेते ठेकेदारों से मनमाने ढंग से खरीदी जा रही है। बताया जा रहा है कि सरपंच पुत्र और रोजगार सहायक मिलकर पंचायत में तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है।कुछ दिन पहले निर्माण स्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों को बेवजह कार्य से भगा दिया गया था, जिसकी शिकायत मजदूरों द्वारा जनपद सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष से की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरपंच स्वयं अपने अधिकारों से अनभिज्ञ हैं और पंचायत की बागडोर पूरी तरह से उनके पुत्र और रोजगार सहायक के हाथों में है। वर्तमान में सीलगी नदी घाट निर्माण कार्य, बड़ा नाला स्टॉप डेम, और नाली निर्माण कार्य जैसे कई विकास कार्यों में गड़बड़ियों की बात सामने आई है। आरोप है कि रोजगार सहायक द्वारा निर्माण सामग्री की चोरी कर बेची जा रही है, जबकि कई कार्य अधूरे पड़े हैं या गुणवत्ता विहीन हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत में हो रहे सभी निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा सरपंच पुत्र एवं रोजगार सहायक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

इसके साथ ही रोजगार सहायक लुकेश कुमार बरमैया का तत्काल अन्यत्र स्थानांतरण कर उनके द्वारा अब तक कराए गए कार्यों की भी निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

# सरकारी होर्डिंग एवं गिरे कार्यालयीन बोर्ड के पास लगी कचरे की ढेर




**अमरपुर।** एक ओर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समग्र स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। वहीं पर ब्लॉक का प्रमुख कार्यालय माना जाने वाला जहां से यह मिशन संचालित होता हैं। वहीं पर गंदगी और कचरे का ढेर आसानी से देखा जा सकता हैं। जब मुख्यालय के प्रमुख कार्यालय की यह स्थिति हैं, तो मुख्यालय की ग्राम पंचायत अमरपुर जहां हर गली और मोहल्ले में गंदगी का अंबार लगा हुआ हैं। जिसकी कभी सफाई नहीं कराई जाती हैं। जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर में शासन के विज्ञापन वाले होर्डिंग भी गैर तरीके से रख दिया गया हैं। इसके साथ ही कार्यालय का बोर्ड वर्तमान समय में गिरा पड़ा हुआ हैं। जिससे राहगीरों की नजर भी बरबस इस पर पड़ जाती हैं। जिससे सरकार के साथ कार्यालय का भी मजाक उड़ाया जा रहा हैं। फिर भी किसी जिम्मेदार अधिकारी की नजर नहीं पड़ रही हैं। और पड़े भी कैसे मुख्यालय में रहेंगे तब ना सब समझ में आएगा। जब कार्यालय के आसपास ही साफ सफाई नहीं हो पा रहा हैं तो फिर कस्बा अमरपुर की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। जिस ग्राम पंचायत का सचिव ही मुख्यालय में ना रहता हो और उसे भी दो ग्राम पंचायतों का प्रभार दिया गया हैं। जनचर्चा हैं कि इसमें भी अधिकारियों का मिलीभगत हो सकता हैं। शायद इसी लिए हाल में हुए सचिव स्थानांतरण में जनपद मुख्यालय की ग्राम पंचायत को एक स्वतंत्र सचिव ही नहीं मिल सका हैं। इसीलिए ऐसे अधिकारी कर्मचारियों की वजह से सरकार के शासकीय योजनाओं का धरातल पर सही सही क्रियान्वयन नियमानुसार नहीं हो पा रहा हैं।

## खबर संक्षेप

### सत्यम नेमा आकाशवाणी मे आज देंगे प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के समीपी ग्राम ठेमी करकबेल निवासी शिक्षक एवं साहित्यकार सत्यम नेमा की बुंदेली रचनाओं का प्रसारण गुरुवार 19 जून को आकाशवाणी जबलपुर से शाम 7:15 बजे से कृषि जगत कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। उक्त कार्यक्रम आकाशवाणी के चेनल पर मोबाइल एवं रेडियो ऐप डाउनलोड करके भी सुना जा सकता है।

### डॉ सोनी को मिला नव उदय सम्मान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस स्थानीय प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष साहित्यकार डॉ गनेश कुमार सोनी को साहित्य के क्षेत्र में नव उदय पब्लिकेशन द्वारा कवि माखनलाल चतुर्वेदी नव उदय सम्मान से सम्मानित किया गया। भोपाल के अवधपुरी में होटल रीगल ग्रांड में आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभाओं का सम्मान साहित्य ,गायन एवं नृत्य कला के क्षेत्र में किया गया।इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में डा सोनी ने अपना रचना पाठ भी किया। विदित हो कि उन्हें साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न सम्मान प्राप्त हो चुके साथ ही उनकी काव्य कृति के अलावा कई सांझा काव्य संग्रह, विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है।

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रदेश में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में जलाशय, तालाब, नदी, नालों में मत्स्याखेट पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने मप्र नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के प्रावधानों के तहत अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि छोटे तालाब अथवा अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं लिया गया है, उन पर मत्स्याखेट निषेध का यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि बंद ऋतु की अवधि में जिले में अवैधानिक मत्स्याखेट परिवहन क्रय- विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध मप्र मत्स्योद्योग अधिनियम 1981 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जावेगी। शासन के निर्देशों और निर्धारित नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की दोष सिद्धि पर उसे एक वर्ष तक के कारावास या 5 हजार रूपये तक के जुर्माना से दंडित किया जा सकेगा।

### दीवान परिवार में शोक

तेंदूखेड़ा। समीपी प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा के प्रतिष्ठित दीवान परिवार में पूर्व मंत्री स्व दीवान चंद्रभान सिंह की भावी तथा दीवान जयनारायण सिंह मुनि भैया की धर्मपत्नी श्रीमती गोपीबाई दीवान का गत दिवस हृदय गति अवरुद्ध हो जाने के कारण देहावसान हो जाने पर गृह ग्राम इमझिरा में अंतिम संस्कार गृह ग्राम इमझिरा में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रंद्धाजलि अर्पित की।

## किसानों ने किया हंगामा, पहुंचे कलेक्ट्रेट

# व्यापारियों ने मंडी में खरीदी की बंद



### अधिकारियों के आश्वासन के बाद शांत हुआ मामला

बुधवार कृषि उपज मंडी मे अनाज विक्रय करने आए किसानों द्वारा हंगामा प्रारंभ कर दिया गया उसके उपरांत कलेक्ट्रट पहुंचे जिन्हें पुलिस द्वारा रास्ते मे रोक दिया गया तथा आपसी सामंजस्य के बाद पुनः मंडी भेजा गया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

किसानों द्वारा व्यापारियों पर उपज की तुलाई में गड़बड़ी का आरोप लगाया। वही प्रशासन द्वारा दोनो पक्षों से सामजनस्य बनाकर कार्य को गति प्रदान करने की बात कही गई। वही किसानों द्वारा प्रशासन के आश्वासन को मानते हुए पुनः कृषि उपज मंडी पहुंच और बोली लगाने का सिलसिला प्रारंभ हुआ।

### मामला इस प्रकार

मंगलवार को कृषि उपज मंडी पहुंचे किसानों की उपज विक्रय कार्य के दौरान तौल हुआ जिसमे किसान की उपज कम निकली जबकि किसान द्वारा उपज को मंडी तौल कर लाया गया था उपज कम निकलने पर किसानों द्वारा व्यापारियों के कांटो की जांच की मांग करते हुए प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया गया। जिसमे मंडी प्रशासन द्वारा नापतौल विभाग को सूचना दी तथा कांटों की जांच कराई गई जिसमें नापतौल अधिकारी आर. के. ढोके द्वारा जांच में आकाश ट्रेडिंग, पवन ट्रेडर्स, मनीष ट्रेडर्स, कटारिया ट्रेडर्सऔर जैन ट्रेडर्स के कांटों में गड़बड़ी पाई गई। जिसके विरोध मे किसानों द्वारा बुधवार को कृषि उपज मंडी में खरीदी कार्य नही किया गया। उपज लेकर मंडी पहुंचे किसानों द्वारा हंगामा प्रारंभ कर दिया गया।



### ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

कृषि उपज मंडी में मंगलवार को किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद हुआ था। किसानों ने अनाज की तुलाई में गड़बड़ी का आरोप लगाया। नापतौल विभाग की जांच में व्यापारी दोषी पाए गए। व्यापारियों ने बुधवार को बिना सूचना के अनाज की खरीदी बंद कर दी। इससे नाराज किसान ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट की ओर निकल पड़े। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए किसानों को रोका और वापस मंडी लाया। प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारियों और किसानों के बीच बैठक कराई। दोनों पक्षों में सहमति बनी। इसके बाद दोपहर में अनाज की तुलाई फिर से शुरू हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मंडी में पारदर्शिता बनाए रखी जाएगी। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

### आश्वासन के बाद हुई चालू खरीदी

व्यापारियों पर हुई कार्रवाई के विरोध मे मंडी व्यापारियों द्वारा बिना किसी सूचना की खरीदी बंद कर दी गई। खरीदी बंद होने की कोई सूचना किसानों की नही होने के कारण किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे और खरीदी ना होने से नाराज हो गए और मंडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान किसानों द्वारा मंडी गेट भी बंद कर दिया गया। उसके उपरांत किसानों की आपसी सहमति के बाद किसान अपने ट्रेक्टर लेकर कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए जिन्हे पुलिस द्वारा रास्ते मे रोका गया तथा किसानों को पदैल कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया गया जिस पर प्रशासन द्वारा व्यापारियों व किसानों के बीच सुलह कराकर खरीदी प्रारंभ कराई गई। उक्त मौके पर देवेन्द्र पाठक, कुंजबिहारी यादव, मनोज पटेल, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या किसान मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय में हुआ संकल्प सभा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले भर में प्रत्येक मंडल में मंडल स्तर पर संकल्प सभा आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला भाजपा कार्यालय में नगर मंडल की संकल्प सभा का आयोजन किया गया यह संकल्प सभा जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक के मुख्य आतिथ्य में जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा सोनी, वरिष्ठ नेता बलवंत मामा, विजय लूनावत, मनमोहन सलूजा, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, जिला आई.टी.प्रभारी ध्रुव चैरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे, नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा, कार्यक्रम संयोजक नीरज ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षो में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के पथ पर ऐतिहासिक प्रगति की है। उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व ने भारत ने हर चुनौती का सामना बड़े ही आत्मविश्वास के साथ करते हुए आगे बढ़ा है। आज मोदीजी के नेतृत्व व देश के वीर सपूतों की वीरता के कारण हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं आज कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता यह भारत की सैन्य शक्ति को दर्शाता है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत मोदी जी के नेतृत्व में लगातार विकास के प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्ही की नीतियों का परिणाम है कि भारत आज विश्व की चैथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है । जल्द ही हम मोदी जी के नेतृत्व की विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेंगे। मोदी सरकार ने अपने मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र को फलीभूत करते हुए देश के हर नागरिक को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। 140 करोड़ भारतीयों का समग्र विकास ही मोदी सरकार का मूल लक्ष्य है और मोदी जी इसी सपने को साकार करने में पिछले 11 वर्षों से प्राण प्रण से लगे हुए हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा व आभार नगर महामंत्री रचना वर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे ने उपस्थिति जनों को विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गण मंडल पदाधिकारी गण पार्षद गण एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा का संयुक्त अधिवेशन सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रांतीय आह्वान पर आडिटोरियम पी जी कालेज में बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा का संयुक्त जिला अधिवेशन सम्पन्न हुआ। अधिवेशन की शुरुआत बाबा साहेब अंबेडकर एवं प्रथम शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले के छाया चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इंजी. एल के डहेरिया द्वारा अधिवेशन की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मंचासीन मुख्य अतिथि आर प्रसाद कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि एस के मेहरा, जे एस धुर्वे, विमल बानगात्री, श्याम सिंह चौहान ने विचार रखे। कार्यक्रम के अध्यक्ष विनोद पी डोंगरे द्वारा संगठन कैसे काम करता है एवं मजबूत कैसे बने पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। वक्तागणो में राजाभाऊ रामटेके, लीलाधर मेहरा, हरगोविंद झारिया, वीरेन्द्र मेहरा, धनीराम कोरी, यशपाल जाटव, मानसिह झारिया, एवं रज्जन सिंह लोधी ने विचार रखे। अधिवेशन का आभार भवानी शंकर सैनी (मोनू) जिला उपाध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा किया गया। अधिवेशन में भोजराज चैधरी बामसेफ जिला सचिव, जगदीश किशनपुरी तहसील अध्यक्ष अजाक्स, भैयाराम चैधरी, लीलाधर चैधरी, बी डी अहिरवार जिला महासचिव बामसेफ, छोटू इटोरिया (भीम आर्मी) एवं अन्य की विशेष उपस्थिति रही। अधिवेशन का मंच संचालन रोहित जाटव बामसेफ जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया।

## तेंदूखेड़ा को मिला आर्यिका संघ का पावन वर्षायोग

### बहेगी धर्म और आध्यात्म की गंगा





तेन्दूखेड़ा। इस बार दिगम्बर जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की सुयोग्य शिष्या एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका सिद्धांत मति माता जी आर्यिका पुनीत मति माताजी आर्यिका विनय मति माता जी ससंघ का धर्मनगरी तेन्दूखेड़ा में पावन वर्षायोग सम्पन्न होने जा रहा है। पूज्य आर्यिका संघ का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश आगामी सप्ताह में होने की संभावना है। आर्यिका संघ जबलपुर में विराजमान आचार्य समय सागर का मंगल आशीर्वाद लेकर गोटेगांव नरसिंहपुर के रास्ते तेन्दूखेड़ा की ओर विहार रत है। पूज्य आर्यिका संघ के सानिध्य में आगामी चातुर्मासिक काल मे स्थानीय जैन मंदिर जी मे विभिन्न धार्मिक आध्यात्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित होंगे। आर्यिका संघ वर्षायोग प्राप्त होने से स्थानीय जैन समाज के साथ साथ सकल समाजों में हर्ष की लहर है। प्रतिदिन पूज्य आर्यिका संघ के विहार में तेंदूखेड़ा से युवा एवं महिलाएं सम्मिलित होने पहुँच रहे है। वर्षायोग की तैयारियों को लेकर युवा वर्ग उत्साह और सजगता से साथ जुटा हुआ है।

# पीएम जन मन जागरूकता शिविर में शामिल हुई कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत अगरिया, बकोरी, पांजरा व पिपरिया में लगाये गये धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान- डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान- पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। ग्राम पंचायत अगरिया में शिविर के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आशा कार्यकर्ता मौजूद नहीं होती और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को लेने घर- घर नहीं जाती। ग्रामीणों की इस शिकायत पर कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में नाश्ता नहीं देने पर निर्देशित किया कि इस तरह की शिकायत मिलने पर स्वसहायता समूह द्वारा विद्यालय में तैयार किया जाने वाला मध्यान्ह भोजन वितरण का कार्य निरस्त कर दिया जायेगा। कलेक्टर ने शिविर के दौरान अब तक बनाये गये आयुष्मान कार्ड की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि घर- घर जाकर सर्वे करें और पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनायें। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए समग्र ई- केवायसी जरूर करवायें। ग्राम अगरिया में ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन व नालियों की साफ- सफाई की मांग की। इस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को स्टीमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, सरपंच, सचिव, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और स्थानीय अमला मौजूद था। उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान- डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान- पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले में 15 जून से 30 जून 2025 तक लगाये जा रहे हैं।

# सहकारिता कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सहकारिता कर्मचारी संघ द्वारा जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंप कर अपनी मांग रखी गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि वर्तमान में 3 माह (जून जुलाई, अगस्त) का राशन वितरण चालू है जिसमे अलग अलग अंगूठे लग रहे है जिससे समय लगने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित होती है। वही राशन विक्रेताओं को कटे फटे बारदानों मे राशन दिया जा रहा है जिसका भुगतान बारदान खराब निकलने पर राशन विक्रेता से लिया जाता है। प्रदाय योजना के तहत तीन माह का राशन समय पर प्रदाय किया गया। ऐसी अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

